बृहस्पतिवार
18 अगस्त 2022



**पृष्ठ 4**
**खुद को फिट रखने के लिए कितनी एक्सर्साइज सही?**



**पृष्ठ 5**
**तेजाब की रीमेक में दिख सकती है कार्तिक आर्यन और श्रद्धा कपूर की जोड़ी**



● देहरादून
● वर्ष 30
● अंक 191
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

### आज का विचार

प्रजा के सुख में ही राजा का सुख और प्रजाओं के हित में ही राजा को अपना हित समझना चाहिए। आत्मप्रियता में राजा का हित नहीं है, प्रजाओं की प्रियता में ही राजा का हित है। – चाणक्य

# दून वैली मेल

सांध्य दैनिक
आर.एन.आई.- 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

## 16 सौ करोड़ रुपये से होगा ऋषिकेश का विकास

संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर ऋषिकेश नगर के एकीकृत अवस्थापना विकास परियोजना के लिए 160 मीलियन यूरो की सहायता हेतु प्रस्ताव वित्त मंत्रालय भारत सरकार द्वारा यूरोपीय वित्तपोषण संस्था को भेजा गया है।



आज यहां मुख्यमंत्री पुष्कर सिह धामी ने कहा कि धर्म एवं योग नगरी ऋषिकेश को पूर्णरूप से सुविधा सम्पन्न बनाये जाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर ऋषिकेश नगर के एकीकृत अवस्थापना विकास परियोजना हेतु वित्तीय मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा यूरोपीय वित्तपोषण संस्था को 160 मिलियन यूरो की सहायता हेतु प्रस्ताव प्रेषित किया गया है। परियोजना की कुल लागत लगभग 200 मिलियन यूरो (लगभग 1600 करोड़ा रूपये) है। परियोजना हेतु भारत सरकार व राज्य सरकार का वित्तीय अनुपात 80:20 प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में उत्तराखण्ड में इन्फ्रास्ट्रक्चर में अभूतपूर्व विकास हो रहा है। उन्होने कहा कि ऋषिकेश में एकीकृत शहरी अवस्थापना विकास परियोजना से विश्व में योग नगरी के रूप में विख्यात ऋषिकेश नगर में स्थानीय नागरिकों एवं पर्यटकों को बेहतर मूलभूत सुविधाए उपलब्ध होंगी। परियोजना के अंतर्गत 24.7 पेयजल आपूर्ति प्रणाली, पेयजल मीटर वर्षाजल प्रबन्धन व बाढ सुरक्षा, सार्वजनिक स्वच्छता सुविधाएं, स्मार्ट शहरी स्थल परिधान व सामान कक्ष, प्रतीक्षालय, घाट और व्यापारिक स्थल का विकास, सड़के और यातायात प्रबंधन भूमिगत उपयोगिता नालिका नागरिक सुरक्षा और सुविधाओं हेतु विकसित एकीकृत नियंत्रण व आदेश केन्द्र, स्मार्ट स्तम्भ व ऊर्जा बचत हेतु उपकरणों की स्थापना, परिवहन केंद्र, बस टर्मिनल और पार्किंग इत्यादि के कार्य किए जायेंगे। प्रत्येक वर्ष ऋषिकेश में लाखों पर्यटकों का आवागमन धार्मिक एवं साहसिक पर्यटन गतिविधियों के लिए किया जाता है। ऐसे में अतिरिक्त सुविधाओं को विकसित किए जाने के दृष्टिगत विकास कार्य किए जाने की आवश्यकता है। यातायात संकुलन से होने वाली परेशानी को कम करने के उद्देश से ऊंचे पथों का निर्माण किया जायेगा।

उन्होंने कहा कि परियोजना के पूर्ण होने पर नागरिक जीवनशैली व जीवन योग्यता मानकों में वृद्धि होगी, स्थानीयों के व्यापारिक व आजीविका स्तर में सुधार होगा, नागरिकों व पर्यटकों को बेहतर पेयजल एवं स्वच्छता सुविधाएं प्राप्त हो सकेंगी, जीविकोपार्जन गतिविधियों में वृद्धि होगी, यातायात में सरलता होगी तथा पर्यटकों को उच्चस्तरीय सुविधाएं प्राप्त हो सकेगी।

## ईको सेंसिटिव जोन पर सरकार जायेगी सुप्रीम कोर्ट




हमारे संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से विधायक हरीश धामी की आज हुई मुलाकात के बाद सीएम ने पिथौरागढ़ जिले के ईको सेंसिटिव जोन के मामले में कहा कि राज्य सरकार अब सुप्रीम कोर्ट में पक्षकार बनेगी। प्रमुख सचिव वन आरके सुधांशु को याचिका दायर करने की जिम्मेदारी दी गई है।

पिथौरागढ़ जिले के मुनस्यारी, धारचूला, डीडीहाट के 111 गांवों को 1985 में अस्कोट वन्यजीव अभयारण्य के भीतर लाकर इन गांवों का विकास रोक दिया गया था। धारचूला विधायक धामी ने अपने ही सरकार के खिलाफ

### ❑प्रमुख सचिव वन को दी जिम्मेदारी

विधानसभा में काली पट्टी बांध कर दस्तक दी थी। उस के बाद राज्य सरकार बैकफुट पर आई। सरकार ने तब जाकर 2014 में 110 गांवों को अभ्यारण्य से मुक्त किया। आठ साल के भीतर इन गांवों में मोटर मार्गों सहित विकास की गंगा बही।

आठवें साल में फिर सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान के एक मामले को सुनते हुए पिथौरागढ़ जिले के मुनस्यारी, धारचूला, डीडीहाट तीन विकास खंडों के 123 गांवों को ईको सेंसिटिव जोन में शामिल

◀◀ शेष पृष्ठ 7 पर


## राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने जम्मू-कठुआ समेत कई जगहों पर की छापेमारी

श्रीनगर । राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने गुरुवार को जम्मू, कठुआ, सांबा और डोडा में कई जगहों पर छापेमारी की। फैसल मुनीर की गिरफ्तारी के बाद एनआई ने बड़ी कार्रवाई की है। जम्मू पुलिस ने इससे पहले फैसल मुनीर को ड्रोन के जरिए पाकिस्तान से हथियारों की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया था। इसी मामले में एनआईए ने छापेमारी की है। जम्मू के एक आरोपी ने खुलासा किया था कि एक पाकिस्तानी कैदी और हैंडलर मोहम्मद अली हुसैन उर्फ छ्कासिम पाकिस्तानी ड्रोन से हथियार और गोला-बारूद गिराने में सहायक रहा है। साथ ही वह लश्कर-ए-तैयबा और अल बद्र का मुख्य संचालक है। पुलिस ने कहा कि पूछताछ के दौरान आरोपी ने अरनिया हथियार गिराने के मामले में अपनी भूमिका कबूल कर ली और दो स्थानों का भी खुलासा किया। हथियार बरामद करने के लिए पुलिस की टीम घटनास्थल का दौरा किया।




## 24 घंटे में आए कोरोना के 12608 नए मामले, 72 लोगों की मौत

नई दिल्ली। भारत में एक दिन में कोरोना वायरस संक्रमण के 12,608 नए मामले सामने आने के बाद देश में संक्रमितों की संख्या बढ़कर 4,42,98,864 हो गई। वहीं, उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 1,01,343 पर पहुंच गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से गुरुवार को सुबह आठ बजे जारी आंकड़ों के अनुसार, देश में संक्रमण से 72 और लोगों की मौत होने के बाद मृतक संख्या बढ़कर 5,27,206 हो गई। इन 72 मामलों में वे 29 लोग भी शामिल हैं, जिनके नाम संक्रमण से मौत के आंकड़ों का पुन:मिलान करते हुए केरल ने संक्रमण से जान गंवाने वालों की सूची में डाले हैं।



देश में कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 1,01,343 हो गई है, जो कुल मामलों का 0.23 प्रतिशत है। पिछले 24 घंटे में उपचाराधीन मरीजों की संख्या में 647 की कमी दर्ज की गई। मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर 98.58 प्रतिशत है। अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, दैनिक संक्रमण दर 3.48 प्रतिशत, जबकि साप्ताहिक संक्रमण दर 4.20 प्रतिशत है। देश में अभी तक कुल 4,36,70,315 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं और कोविड-19 से मृत्यु दर 1.19 प्रतिशत है। वहीं, राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक कोविड-19 रोधी टीकों की 208.95 करोड़ खुराकें दी जा चुकी हैं। गौरतलब है कि देश में सात अगस्त 2020 को संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी। संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर 2020 को 50 लाख, 28 सितंबर 2020 को 60 लाख, 11 अक्टूबर 2020 को 70 लाख, 29 अक्टूबर 2020 को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे। देश में 19 दिसंबर 2020 को ये मामले एक करोड़ से अधिक हो गए थे। पिछले साल चार मई को संक्रमितों की संख्या दो करोड़ और 23 जून 2021 को तीन करोड़ के पार पहुंच गई थी। इस साल 25 जनवरी को संक्रमण के मामले चार करोड़ के पार हो गए थे।

# दून वैली मेल

## संपादकीय

## सिकुड़ती नालियां, बहता पानी

देहरादून की आबादी में जिस तरह लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। उसे देखते हुए पीने का पानी, विद्युत आपूर्ति, गंदे पानी की निकासी और जाम लगने की स्थिति दिन प्रतिदिन बद से बदतर होती जा रही है। यहां हम गंदे पानी की निकासी पर ही चर्चा करना चाहेगें। क्योंकि पानी की निकासी न होने से पानी में तरह-तरह की बीमारियों के कीटाणु पैदा होने से कभी भी महामारी का रूप कोई भी रोग ले सकता है। बरसात के दिनों में शहर की नालियों से पानी नालियों की बजाय सड़कों पर बहने लगता है। नगर निगम बनने के बाद नालियों के विस्तारीकरण और नव निर्माण का काम शुरू तो हुआ लेकिन वह कितना कामयाब रहा आज भी यह सब बरसात के मौसम में देखा जा सकता है। क्योंकि नालियों के ऊपर के हिस्से को जब तक खुला नहीं छोड़ा जायेगा पानी जाम होने की समस्या से छुटकारा नही मिल सकता है। नाली जाम की इस समस्या से दून के नागरिक भी कुछ पीछे नहीं है। क्यों कि घर और दुकान का जो भी कूड़ा कचरा होता है वह नालियों में डालकर अपना कर्तव्य पूरा करते है। जिससे पानी का आगे बढ़ना नामुमकिन हो जाता है। अगर नालिया ऊपर से खुली हो तो ऐसे कुड़े कबाड़ को नियमित रूप से निकाला जा सकता है। लेकिन नालियों में जगह जगह स्लैब पड़ जाने से निकासी के लिए सफाई व्यवस्था बेकार हो जाती है। लोग अपने शहर या गली मौहल्ले की सुन्दरता बढ़ाने के लिए सफाई का विशेष ख्याल रखते है। लेकिन यहां हालात यह है कि शहर में घुसते ही राजारोड मेन बजार व अंसारी मार्ग पर आपको कूड़े के ढेर लगे दिखायी देते है। समझ में नही आता कि नगर की गंदगी छिपाने के प्रति स्वास्थ्य विभाग क्यों आंखे मूंदे बैठा है। शहर को बदरौनक करने वाले इन कूड़ा घरों को ठीक किया जाना जरूरी है। हमारा सुझाव है कि नगर निगम प्रशासन न केवल नालियों की सफाई करवाये बल्कि गंदगी के कथित कूड़ा घरों को भी इस प्रकार से बनवाने का प्रयास करे जिसे लोगों को नाक भौं सिकाड़ने की जरूरत न पड़े।

## दही हांडी प्रतियोगिता का आयोजन

संवाददाता

देहरादून। केदारपुरम डिफेंस कालोनी में दही हांडी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें लों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया।

आज यहां केदारपुर डिफेंस कॉलोनी में वरुण शर्मा द्वारा जन्माष्टमी के त्योहार के शुभ अवसर पर दही हांडी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें वार्ड से 3 टीमों द्वारा सहभागिता की गई। मुकाबला बहुत ही रोमांचक रहा तीनों टीमों द्वारा दही हांडी को तोड़ने के लिए एड़ी चोटी का बल लगाया स युवाओं का जोश और उमंग देखने



काबिल था स कई कई बार गिरने के बाद भी लगातार युवाओं द्वारा मीनार दोबारा खड़ी की जा रही थी और उन्हें रोकने के लिए दूसरे दल द्वारा लगातार पानी की बौछार की जा रही थी। अत्यंत सुंदर दृश्य था। वार्ड के स्थानीय निवासियों द्वारा लगातार उत्साहवर्धन में तालियां बज रही थी कोई टीम के लिए तालियां बजा रहा था कोई अपनी टीम के उत्साहवर्धन के लिए किंतु अनेकता में एकता का परिचय वहां देखने को मिला। आयोजन में ंजय प्रकाश उपाध्याय, प्रमिला रावत , दीपक रावत, किरन रावत कश्यप, जितेंदर सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक संजीव भट्ट, रामपाल, अनिल डोभाल, टीकम राठौर, सुमित डंगवाल, विपिन रावत ,लताफत हुसैन, सुलोचना, अनीता अस्वाल आदि उपस्थित थे।

## ईको सेंसिटिव जोन पर सरकार जायेगी..

►► पृष्ठ 1 का शेष

करने का एक तुगलकी फरमान शासन को भेजा है। ईको सेंसिटिव जोन लागू होने के बाद इन 123 गांवों का विकास फिर ठप हो जाएगा।

इस मामले में विधायक हरीश धामी ने आज एक शिष्टमंडल के साथ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि उन्होने अपनी सरकार में विद्रोही बनकर क्षेत्र को अभ्यारण्य के दंश से मुक्ति दिलाई थी। फिर से क्षेत्र के विकास तथा आम आदमी की आजादी को छीनने का षड्यंत्र किया जा रहा है। विधायक ने कहा कि वह क्षेत्रीय जनता को साथ में लेकर इसके खिलाफ अंतिम क्षणों तक आंदोलन करेगें।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने तथ्यों को सुनने के बाद आश्वासन दिया कि राज्य सरकार सुप्रीम कोर्ट जाकर अपना पक्ष रखेगी। उन्होंने कहा कि इसके लिए वह प्रमुख सचिव वन को जिम्मेदारी दे रहे है। उन्होंने कहा कि इस मामले को सरकार ने गंभीरता से लिया है। शिष्टमंडल में मुनस्यारी के जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया, सामाजिक कार्यकर्ता राजू धामी मौजूद रहे।

# श्रीकृष्ण आखिर हमेशा क्यों अपने मुकुट में मोर पंख सिर पर धारण किये रहते हैं...



पूरे देश के साथ दुनिया के कई देशो में जन्माष्टमी मनाई जाती रही है। आज भी हम सब धूमधाम से जन्माष्टमी मना रहे हैं। श्रीकृष्ण को हमेशा ही अपने सिर के बालों में मोर पंख के साथ देखा जाता है। ऐसे में इसके कारण को लेकर लोगों में जिज्ञासा बनी रहती है, कि आखिर मोरपंख का श्रीकृष्ण के सिर पर होना क्या दर्शाता है। ऐसे में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को देखते हुए मोर पंख का महत्व अत्यधिक बढ़ जाता है।

एक मान्यता तो यह है कि भगवान कृष्ण की कुंडली में कालसर्प दोष था। ऐसे में इस दोष से मुक्ति पाने के लिए कान्हा जी हमेशा अपने मुकुट में मोर पंख लगाकर रखते थे। वहीं दूसरी मान्यता ये भी है कि श्री कृष्ण जब नंदगांव में रहते तो दूसरे गवालों के साथ वे भी जंगल में गाय चराने जाते थे। इस समय मोर उनके चारों ओर अपने पंख फैलाकर नाचते थे, तभी से श्रीकृष्ण जी को गाय के साथ ही मोरों के पंखों से लगाव हो गया और उन्होंने इन दोनों को हमेशा के लिए आत्मसात कर लिया।

जानकारों के अनुसार दरअसल, मोरपंख को सकारात्मकता का प्रतीक माना जाता है, और इसका शरीर व स्वास्थ्य पर अच्छा प्रभाव पड़ता है। वहीं घर में मोर पंख रखना प्राचीनकाल से ही बहुत शुभ माना जाता है। वास्तु के अनुसार भी मोर पंख घर से अनेक प्रकार के वास्तुदोष दूर करता है और सकारात्मक ऊर्जा को अपनी तरफ खींचता है इसलिए तो मोरपंख को वास्तु में बहुत उपयोगी माना गया है।

मोर पंख भगवान श्रीकृष्ण को अत्यंत प्रिय होने के कारण इनका श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर विशेष महत्व माना गया है। श्री कृष्ण के प्रिय होने के कारण ही मोर पंख से जुड़े उपायों को अधिकांश लोग जन्माष्टमी से ही शुरु करना पसंद करते हैं। वहीं जानकारों का भी मानना है श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर मोर पंखों से किए जाने वाले कुछ खास उपाय-

1. वैवाहिक जीवन में आए दिन किसी न किसी बात को लेकर मन-मुटाव होने की स्थिति में पति-पत्नी के बीच झगड़े होना आज के दौर में आम सी बात हो गई है, ऐसे में माना जाता है कि यदि जन्माष्टमी के दिन आप अपने बेडरूम में पूर्व या उत्तर दिशा

### ❑जन्माष्टमी पर विशेष

में दो मोरपंखों को एक साथ दीवार पर लगा देंगे तो दांपत्य जीवन से जुड़ी समस्याओं का अंत होने के साथ ही रिश्तों में मिठास आ जाएगी।

2. कुंडली में कालसर्प दोष सहित राहु-केतु कई प्रकार के दुष्प्रभावों को उत्पन्न करते हैं। जिसके कारण जातक को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ऐसे में माना जाता है कि यदि जातक अपनी कुंडली से इस दुष्प्रभाव को खत्म करना चाहते हैं तो जन्माष्टमी के दिन मोर पंख को शयनकक्ष की पश्चिम दिशा की दीवार पर लगाना चाहिए। माना जाता है कि ऐसा करने से काफी लाभ मिलने के साथ ही घर की नकारात्मकता भी दूर होगी।

3. वहीं कई जानकारों का तो यहां तक मानना है कि यदि आपको धन की समस्या है। तो इसके लिए भी मोर पंख का उपाय आपकी आर्थिक तंगी को दूर करने में सहायक होता है। इसके तहत जन्माष्टमी के दिन पूजा के समय 5 मोर पंख श्रीकृष्ण जी की प्रतिमा के पास रखें और कान्हा के साथ इनका भी पूजन करें। इसके बाद 21 दिनों तक इन्हें पूजा के स्थान पर ही रहनें दें और पूजा करते रहें।

पूजा के 21 दिन होने पर इन्हें घर के उस स्थान पर स्थान दें जहां धन रखा जाता है। माना जाता है कि ऐसा करने से घर में बरकत होने के साथ ही आर्थिक समस्या का भी निदान हो जाता है। इसके अलावा माना जाता है कि मोर पंख को अपने पास व घर में रखने से कई अन्य रूकावटों के दूर होने की भी मान्यता है।

वास्तुशस्त्र के अनुसार यदि आपके कार्यों में लगातार रूकावट आती है, और कोई भी काम समय पर पूरा नहीं होता तो सामान्य दिनों में अपने घर के पूजास्थल में पांच मोरपंख रखें और प्रतिदिन इनकी पूजा करें। 21वें दिन इन मोरपंख को अलमारी में रख लें, माना जाता है कि ऐसा करने से अटके काम भी बनने लगेंगे।

मोर पंख को बहुत ही चमत्कारिक माना जाता है, माना जाता है कि मोर पंख के घर में होने से प्रायः विषैले जीव-जंतु नहीं आते। मोरपंख को ऐसी जगह रखना चाहिए जहां से सभी की नजर उस पर पड़ सके।

किताब में रखने से लाभ: यह भी माना जाता है कि जिन लोगों के बच्चे जिद्दी स्वभाव के होते हैं, ऐसे बच्चों की जिद को कम करने के लिए मोरपंख से बने पंखे से 11 बार या 21 बार हवा करनी चाहिए।

वहीं जिन बच्चों का मन पढ़ाई में न लगता हो उनकी पढ़ने की मेज पर सात मोरपंख रखने से लाभ होगा। इसके अलावा शुभ परिणामों के लिए किताब या डायरी में एक मोरपंख अवश्य रखना चाहिए।वास्तुदोष दूर करने के लिए वास्तु शास्त्र के जानकारोंके अनुसार यदि आपके घर का प्रवेश द्वार शुभ कोण या दिशा जैसे पूर्व, उत्तर या ईशान दिशा में नहीं है या मुख्य द्वार पर किसी और प्रकार का वास्तुदोष है तो प्रवेश द्वार की चौखट के ऊपर बैठी हुई मुद्रा में गणेश जी की मूर्ति स्थापित कर उनके ऊपर तीन मोरपंख लगाने चाहिए। माना जाता है कि ऐसा करने से द्वार का वास्तुदोष दूर होने के साथ ही सकारात्मक ऊर्जा का प्रवेश होगा।

*साभार: शहीदों को नमन डॉट इन*

ऋभुर्ऋभुभिरभि वः स्याम विभ्वो विभुभिः शवसा शवांसि।
वाजो अस्माँ अवतु वाजसाताविन्द्रेण युजा तरुषेम वृत्रम्।।
(ऋग्वेद ७-४८-२)

मनुष्य को चाहिए कि वह विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों की संगत में रहकर विशेषज्ञ बनें। वैभवशाली मनुष्यों से संगत करके वैभवशाली बनें। अपने अंदर सामर्थ्य उत्पन्न करें। वीरों का साथ देकर राष्ट्र के शत्रुओं को नष्ट करें।

One should become an expert in the company of experts in different fields. Become prosperous by associating themselves with prosperous people. Create ability within themselves. Defeat the enemies of the nation by supporting the brave people. (Rig Veda 7-48-2)

## स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्मृति स्तंभ का नाम यथावत रखा जाए

देहरादून (सं)। स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी कल्याण समिति उत्तराखंड ने 25 वर्ष पूर्व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा हरिद्वार के 322 स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की याद में स्थापित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्मृति स्तंभ का नाम यथावत रखे जाने और इसमें किसी भी बदलाव का विरोध करते हुए मुख्यमंत्री धामी को पत्र भेजा है। पत्र की प्रतिलिपि मुख्य सचिव तथा अपर मुख्य सचिव गृह को भी प्रेषित की गई है।

इस संबंध में समिति की ओर से सुशील त्यागी तथा मुकेश नारायण शर्मा ने अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी से मुलाकात कर असामाजिक तत्वों द्वारा उपरोक्त स्थल पर विगत दिनों की गई तोड़फोड़ की जांच कराए जाने की मांग की है।

# गोरखा कल्याण परिषद ने किया सीएम धामी का सम्मान



कार्यालय संवाददाता

देहरादून। गोरखा कल्याण परिषद् द्वारा गुरुवार को मुख्यमंत्री आवास में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

जे.बी कार्की के नेतृत्व में गोरखा कल्याण परिषद् के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को स्मृति चिन्ह भेंट किया। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर के.बी थापा, सी.बी थापा, श्रीमती पदमा देवी, श्रीमती अनीता देवी, श्रीमती करुणा थापा, सुभम कुमार, सत्यबीर सिंह एवं अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

# 77वीं पुण्यतिथि पर नेताजी को दी भावभीनी श्रद्धांजलि




कार्यालय संवाददाता

देहरादून। नेताजी सुभाष चंद्र बोस के 77वीं पुण्यतिथि पर गांधी पार्क स्थित नेताजी की प्रतिमा पर श्रद्धा के फूलों को अर्पित कर आजाद हिंद फौज के नायक को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। वक्ताओं ने नेताजी के त्याग और समर्पण से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम में स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी कल्याण समिति के साथ-साथ सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि भी शामिल थे। इनमें दिनेश मैथानी, वेदांत पंत, मनोज ध्यानी, आशा टम्टा, मीना पंत,चौधरी ओमवीर सिंह, जितेंद्र डडोना, सुशील त्यागी, प्रकाश नागिया, मुकेश नारायण शर्मा आदि शामिल रहे।

# चोरी की बाइक सहित एक गिरफ्तार

हमारे संवाददाता



उधमसिंहनगर। बाइक चोरी मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति को चुरायी गयी बाइक सहित गिरफ्तार कर लिया है। जिसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

जानकारी के अनुसार बीते रोज थाना मुखानी पुलिस द्वारा क्षेत्र में चैकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इस दौरान पुलिस को सरकारी अस्पताल पांडे निवाड़ से 50 मीटर आगे बाइक सवार एक संदिग्ध युवक आता हुआ दिखायी दिया। पुलिस ने जब उसे रूकने का इशारा किया तो वह बाइक मोड़कर भागने लगा। इस पर उसे घेर कर दबोचा गया, पकड़े गये युवक की बाइक की पीछे की नंबर प्लेट अंदर को मुड़ी हुई थी। पूछताछ करने पर युवक ने बताया कि उक्त बाइक चोरी की है। जिसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है।

# भूस्खलन से दो राष्ट्रीय राजमार्ग सहित तीन सड़कें बंद



कार्यालय संवाददाता

उत्तरकाशी। एक भूस्खलन से ऑल वेदर रोड़ के दो राष्ट्रीय राजमार्ग व एक जिला सड़क यातायात के लिए पिछले 24 घंटे से बंद पड़ीं है। एक गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग को आज सुबह यातायात के लिए खोल दिया गया है। एक राष्ट्रीय राजमार्ग यमुनोत्री व एक जिला सड़क अभी भी बंद है।

दरअसल 17 अगस्त को राष्ट्रीय राजमार्ग यमुनोत्री के धरासू पर एक विशाल भूस्खलन से बड़ी मात्रा में मिट्टी पत्थर व बोल्डरों के आने से पहले यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग को अवरुद्ध हो गया बाद में नीचे से गुजर रही गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग आल वेदर रोड़ पर गिरा और फिर इसके बाद भी इस मलबे ने थमने का नाम नहीं लिया और मलबा नीचे से गुजर रही तीसरी जिला सड़क को भी अवरुद्ध करते हुऐ सीधे गँगा जी मे जा गिरा। भूस्खलन के गिरने का शिलशिला अभी भी जारी है।

धरासू के पास भारी मात्रा में चट्टानी मलबा आने के कारण पिछले 18 घंटों से बंद गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग हाइवे पर आवाजाही शुरू हो गई है। दोनों राजमार्गो के कई घंटों तक ठप रहने से तीर्थयात्री और स्थानीय लोग बेहद परेशान रहे।

बीआरओ की ओर से गुरुवार को सुबह करीब 10:00 बजे धरासू के समीप गंगोत्री राजमार्ग को यातायात के लिए खोल दिए गया।

इधर गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग उत्तरकाशी से आगे भटवाड़ी के हेलगूगाड और सुनगर के पास अभी भी बंद है। जिसे खोलने के प्रयास में सीमा सड़क संगठन युद्धस्तर पर जुटा है। धरासू में यमुनोत्री मार्ग को खोलने के प्रयास भी युद्धस्तर पर जारी है।

जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी देवेंद्र पटवाल का कहना है कि सभी संवेदनशील स्थानों पर जनता व यात्रियों की सुविधा व सुरक्षा के लिए प्रशासन के अधिकारी, बी आर ओ के जवान, एस डी आर एफ के जवान व पुलिस बल तैनात है।

# घर से हजारों की नगदी व सामान चोरी

संवाददाता

देहरादून। चोरों ने मकान का ताला तोडकर वहां से हजारों की नगदी व सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार खैरी खुर्द निवासी डा. सुशील कुमार भटट ने रायवाला थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह परिवार के साथ बाहर गया था। आज जब वह वापस आया तो उसने देखा कि मकान का ताला टूटा हुआ था तथा अन्दर सारा सामान बिखरा हुआ था। चोर उसके घर से दस हजार रूपये नगद, एक पुरूष दो महिला पर्स व एक सेमसंग का टैबलेट चोरी करके ले गये हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# संयुक्त कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष ने किया पौधारोपण

संवाददाता

देहरादून। संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं व गढवाल मंडल विकास नगम के अधिवेशन में भाग लेने से पूर्व महासंघ के अध्यक्ष ने गुरना देवी मन्दिर में पौधारोपण किया।

संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊँ गढ़वाल मंडल विकास निगम के अधिवेशन में भाग लेने की लिए ऋषिकेश जाने से पूर्व महासंघ के अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी ने गुरना देवी मंदिर परिसर में मंदिर के प्रमुख पुजारी प्रकाश भट्ट के साथ एक पौध I धरती मां के नाम के तहत पौधारोपण किया। गुरूरानी ने कहा कि उनके द्वारा विगत कई महीनों से गुरना देवी मंदिर में पौधा रोपण किया जाता है। उनके द्वारा पूर्व में राफ्टिंग प्रशिक्षण में भाग ले रहे छात्र छात्राओं के माध्यम से बाटिका का निर्माण करवाया था। दिनेश गुरुरानी ने कहा 22 अगस्त को ऋषिकेश में दोनों निगमों कुमाऊं गढ़वाल विकास निगम के कर्मचारी द्वारा संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम की नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। ज्ञातव्य रहे विगत 26 वर्षों से उन्हें ही अध्यक्ष चुना जा रहा है। अधिवेशन को सफल बनाने के लिए कर्मचारियों से जनसंपर्क किया जा रहा है। उन्होंने सभी कर्मचारीयों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में ऋषिकेश पहुंचने की अपील की है। ज्ञातव्य रहे कि सरकार द्वारा भी दोनों निगमों के एकीकरण की पहल की जा रही है। इस हिसाब से भी यह अधि वेशन महत्वपूर्ण है।

# स्व. इंद्रमणि बडोनी के आदर्शों पर चलने का लेना होगा संकल्पः ऐरी

संवाददाता

देहरादून। उत्तराखण्ड के गांधी इन्द्रमणि बडोनी की 24वीं पुण्यतिथि पर काशी सिंह ऐरी ने का कि हमें स्व. बडोनी के आदर्शों पर चलने के लिए संकल्प लेना होगा।

आज यहां उत्तराखंड क्रांति दल द्वारा पहाड़ के गाँधी स्व0 इंद्रमणि बडोनी की 24 वीं पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गयी। प्रात: 10 बजे घंटाघर स्थित बडोनी जी की प्रतिमा में दल के केंद्रीय अध्यक्ष काशी सिंह ऐरी सहित समस्त उक्रांद परिवार द्वारा श्रद्धांजलि दी गयी। तदउपरांत पार्टी कार्यालय कचहरी रोड़ देहरादून में श्रद्धांजलि देते हुए गोष्ठी की गयी। गोष्ठी में ऐरी ने बडोनी जी के संघर्षो को याद किया, उन्होंने कहां कि बडोनी एक राजनेता के साथ साथ हमारे व उत्तराखंड राज्य आंदोलन के पथप्रदर्शक रहे। उत्तराखंड आंदोलन का नेतृत्व करते हुए अहिंसक का रास्ता अपनाया। सरल स्वभाव के साथ एक अभिभावक की भूमिका बखूबी निभायी। उनके आदर्शो के कारण उनको पहाड़ का गाँधी कहां गया था। हिंदुस्तान में तीन गाँधी हुए, एक राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी, खान अब्दुल गफ्फार खां सीमांत गाँधी तथा पहाड़ के गाँधी इंद्रमणि बडोनी रहे। तीन बार देव प्रयाग विधानसभा से विधायक चुने व उस दौरान से पहाड़ी जनपदों के विकास योजनाओं के लेकर सड़क से सदन तक अपनी आवाज को बुलंद रखा।

उन्होंने कहा कि आज हमें संकल्प दिवस के रूप में जो अवधारना बडोनी जी ने राज्य के प्रपेक्ष व रखी थी वह अध ूरा हैं उस संकल्प को हम अब एकजुट एकमुठ होकर चलना होगा। उन्होंने कहां कि स्व. बडोनी को उनके गांव ग्राम अखोड़ी में दल कि ओर से श्रद्धांजलि देने के लिए दल का प्रतिनिधित्व वरिष्ठ नेता डॉ शक्ति शैल कपरूवाण, संजय डोभाल, केंद्रपाल तोपवाल, धर्मबीर गुसाई सहित जनपद टिहरी की इकाई पहुंची हैं।

आज दल के पूर्व केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष स्व. हरीश पाठक के पीपलपाणी सस्कार उनके निवास रेसकोर्स में श्रद्धांजलि सभा करके याद किया गया। इस अवसर पर त्रिवेंद्र सिंह पंवार, बी डी रतूड़ी, पुष्पेंश त्रिपाठी,ए पी जुयाल, किशन मेहता,सुनील ध्यानी, तेज सिंह कार्की, शांति भट्ट, बहादुर सिंह रावत, जय प्रकाश उपाध्याय, दीपक गैरोला, लताफत हुसैन,जब्बर सिंह पावेल, गीता बिष्ट, उत्तरा पंत बहुगुणा,डॉ पंकज पैनोली,शिव प्रसाद सेमवाल, विजेंद्र रावत, अनुपम खत्री, कमल पंत, अशोक नेगी,दीपक रावत, किरन रावत कश्यप, विपिन रावत राजेंद्र बिष्ट, प्रवीण रमोला आदि उपस्थित थे।



# दून योग पीठ ने हर्षोल्लास से मनायी जन्माष्टमी

नगर संवाददाता

देहरादून। दून योग पीठ देहरादून द्वारा हाथी बड़कला शाखा में श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। प्रसिद्ध कत्थक नृत्य गुरु प्राची ध्यानी और टीम द्वारा आज भगवान श्री कृष्ण पर आधरित नृत्य प्रस्तुत किया गया, छोटे बच्चों ने कृष्ण और राधा के रूप में सजकर वातावरण को कृष्ण भक्ति के रस में और डूबा दिया। दून योग पीठ के संस्थापक आध्यात्मिक गुरु आचार्य बिपिन जोशी ने कहा कि योगीराज भगवान श्रीकृष्ण ने श्रीमद्भगवत गीता के माध्यम से कर्मयोग, भक्ति योग और ज्ञान योग का जो संदेश दिया है उसे जीवन में अपनाने का आहवान किया जाये। साथ ही सभी प्रतिभागियों को भगवान बाल कृष्ण लाल का झूला और बांसुरी भेंट की इस अवसर पर प्राची ध्यानी,योगाचार्य किरन रावत, डिम्पल रावत, अद्वेता, अरणी, अमिशी आदि मौजूद रहे।

# असली के नाम पर नकली ब्रॉड बेचने पर मुकदमा

संवाददाता

देहरादून। असली के नाम पर नकली कपडों की सेल लगाने पर पुलिस ने एक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरूग्राम हरियाणा निवासी सौमित्र ने डालनवाला कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उनकी कम्पनी को पता चला कि कुछ लोग उनकी कम्पनी के नाम का बेच लगाकर कपडे बेच रहे हैं। जिसके बाद उन्होंने राजपुर रोड पर स्थित एक होटल पर छापा मारा तो वहां से उनकी कम्पनी एलन सॉली, लेवाइस, फिलिपे ब्रॉड के बेच लगाकर नकली कपडों की सेल लगा रखी थी। पुलिस ने सेल मैनेजर उदित मनी गुप्ता के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# ट्रेफिक सिपाही के साथ मारपीट करने वाले मोटरसाईकिल सवार पर मुकदमा

संवाददाता

देहरादून। रेड लाइट जंप करने पर यातायात सिपाही द्वारा रोके जाने पर उसके साथ मारपीट गाली गलौच करने वाले मोटरसाईकिल सवार के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार यातायात सिपाही संदीप कुमार ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी घंटाघर पर डयूटी थीं। दोपहर के करीब तीन बजे एक मोटरसाईकिल संख्या यूके 07 एफई-7652 पर सवार युवक ने रेड लाइट जंप कर दी उसने जब उसको रोका तो उसने उसके साथ गाली गलौच शुरू कर दी और मारपीट कर वहां से भाग गया। पुलिस ने मोटरसाईकिल के नम्बर के आधार पर मोटरसाईकिल सवार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# बिमारी से परेशान वृद्धा ने की आत्महत्या

संवाददाता

देहरादून। बिमारी से परेशान होकर वृद्ध महिला ने हाथ की नसें काटकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार नेहरू कालोनी थाना पुलिस को आज प्रात: कैलाश अस्पताल से सूचना मिली कि एक 83 वर्षीय महिला जिसके गले व हाथ पर घाव है को उनके पुत्र द्वारा दाखिल किया गया था जिनको चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया है। सूचना पर तत्काल प्रभारी निरीक्षक थाना नेहरू कालोनी मौके पर पहुंचे। मृतका भुन्डा देवी पत्नी चमन सिंह निवासी डिफेंस कालोनी के पुत्र सुदर्शन मौके पर अन्य परिजनों के साथ मौजूद थे। जिनके द्वारा पुलिस को बताया गया कि उनकी माताजी को कई बिमारियां थी जिसके कारण वह विगत कुछ समय से डिप्रेशन में चल रही थी। रात करीब 12 बजे तक वह ठीक थी। सुबह साढे छह बजे जब उनके कमरे से कोई आवाज नहीं आयी और बाथरूम का दरवाजा अन्दर से बन्द था। इस पर दरवाजा तोडकर उन्हें बाहर निकाला तो उनके गले और दाहिने हाथ की कलाई पर चाकू के काटने के निशान थे बगल में सब्जी काटने वाला चाकू भी पडा था। जिसके बाद सुदर्शन द्वारा उनको तत्काल कैलाश अस्पताल लाया गया जहां पर चिकित्सकों ने उनको मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# खुद को फिट रखने के लिए कितनी एक्सर्साइज सही?



एक्सर्साइज को खुद को फिट रखने के साथ ही वजन कम करने का सबसे सही तरीका माना जाता है। यही वजह है कि आजकल यूथ अपनी सेहत को बनाए रखने के लिए जिम का सहारा लेने लगे हैं। लेकिन अगर आप वेट लॉस के लिए ज्यादा एक्सर्साइज करने में यकीन करते हैं तो जान लें कि यह आपको हेल्थ से जुड़ी समस्याएं देने के साथ ही और वजन बढ़ने का कारण बन जाएगा।

कितनी एक्सर्साइज सही?

एक्सपर्ट्स की मानें तो सप्ताह में व्यक्ति के लिए ढाई से पांच घंटे की हल्की एक्सर्साइज और डेढ़ से ढाई घंटे की एक्सर्साइज पर्याप्त होती है। यह बॉडी मेटाबॉलिज्म को बूस्ट करने के साथ ही मसल्स व बोन्स को स्ट्रॉन्ग बनाती हैं।

कितनी एक्सर्साइज बॉडी के लिए है ज्यादा?

किस व्यक्ति के लिए कितनी एक्सर्साइज ज्यादा है यह काफी कुछ उसके शरीर और हेल्थ कन्डिशन पर निर्भर करता है। उदाहरण के लिए यदि व्यक्ति रनर है तो हो सकता है कि वह रोज पांच घंटे प्रैक्टिस करे और उसे इससे कोई साइड इफेक्ट न हों, वहीं आम व्यक्ति यदि रोज ऐसा करता है तो हो सकता है उसे बीपी से लेकर हड्डियों व मसल्स से जुड़ी समस्याएं सामने आने लगे।

ज्यादा एक्सर्साइज के नुकसान

शरीर की क्षमता या जरूरत से ज्यादा एक्सर्साइज के कारण कई तरह की समस्याएं सामने आ सकती हैं। जैसे व्यक्ति की दिल की धड़कन प्रभावित होना, भूख कम लगना, पैरों में कमजोरी बने रहना और शरीर में पानी की कमी।

वजन कम नहीं होगा बल्कि बढ़ेगा

एक्सर्साइज शरीर के मेटाबॉलिज्म को तेज करती है। यदि व्यायाम सही मात्रा में रहे तो मेटाबॉलिज्म पर पॉजिटिव असर पड़ता है लेकिन अगर यह सीमा से ज्यादा हो जाए तो खाना बहुत तेजी से पचने लगता है जिससे व्यक्ति की भूख बढ़ जाती है। डायट बढ़ने से उसका वजन भी कम होने की जगह बढ़ने लगता है।

# क्या बारिश के दौरान घर से बदबू आने लगती है? इन तरीकों से करें दूर

गर्मियों के बाद आने वाला बारिश का मौसम लुभावना तो बहुत लगता है, लेकिन यह अपने साथ कई तरह की समस्याओं को भी लाता है। इस मौसम में हवा में काफी नमी हो जाती है, जिसके कारण घर में अजीब सी महक का सामना करना पड़ जाता है। अगर आपको इस परेशानी का सामना करना पड़ता है तो इसे दूर करने के लिए आप कुछ घरेलू नुस्खों को अपना सकते हैं। आइए ऐसे ही कुछ घरेलू नुस्खे जानते हैं।

बारिश के मौसम में घर के उसी हिस्से में अधिक बदबू होती है, जहां हवा के साथ धूप ठीक से नहीं पहुंच पाती है। खैर, आप चाहें तो इस बदबू को दूर करने के लिए हाइड्रोजन पेरॉक्साइड का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए पहले एक कप पानी में हाइड्रोजन पेरॉक्साइड और बेकिंग सोडा की बराबर मात्रा को मिलाकर एक घोल तैयार कर लें और फिर इसे एक स्प्रे बोतल में भरकर इसका पूरे घर में छिड़काव करें। एसेंशियल ऑयल की मदद से भी आप अपने घर को खुशबूदार बना सकते हैं। इसके लिए एक स्प्रे बोतल में तीन चौथाई पानी के साथ अपना पसंदीदा एसंशियल ऑयल डालकर अच्छे से मिला लें और फिर इस मिश्रण को रूम फ्रेशनर की तरह इस्तेमाल करें। वहीं, अगर आप इस रूम फ्रेशनर का इस्तेमाल रसोई या बाथरूम डस्टबिन के आस-पास करेंगे तो वहां से भी बदबू नहीं आएगी। इसके लिए लैवेंडर ऑयल और लेमन ऑयल बेहतरीन रहेंगे।

कपूर आएगा काम

कपूर की मदद से भी घर से बारिश के कारण आने वाली अजीब सी गंध को दूर किया जा सकता है। इसके लिए सबसे पहले थोड़े से कपूर का पाउडर बना लें। इसके बाद एक कटोरी में इस पाउडर को एक से दो चम्मच अपने किसी पसंदीदा एसेंशियल ऑयल के साथ अच्छे से मिलाएं। इसके बाद इस मिश्रण को पानी से भरी स्प्रे बोतल में मिलाएं और फिर इसका इस्तेमाल बतौर रूम फ्रेशनर करें। अगर आपको फूलों की सुगंध बेहद पसंद है तो आप अपने पसंदीदा फूलों की मदद से भी घर की बदबू को दूर कर सकते हैं। इसके लिए अपने पसंदीदा फूलों की पत्तियों को लगभग आधा घंटा पानी में उबालें और इस पानी को छानकर स्प्रे बोतल में भर लें। अब ठंडा होने पर इस स्प्रे को कमरे में छिड़क दें। (आरएनएस)

## शब्द सामर्थ्य -33

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं :**

1. पानी, नीर, अंबु 2. आना-जाना, आवागमन 5. बहुत, बढ़िया 6. दूर रहने वाला (घटना) जो वर्तमान में न घट सके 8. अबोध, नासमझ, अनाड़ी 10. सब्जी, शाक 11. निशान, उद्देश्य, अनुमान योग्य वस्तु 12. नाखून 13. द्रव पदार्थ 15. सूनसान, जनविहीन स्थान 16. चटकीला, चमकीला, चटपटा, गौरेया 18. भगवान, खुदा 19. इन दिनों, वर्तमान दिनों में 20. अग्नि, पावक 21. अन्नकण, अनाज का टुकड़ा 22. टालमटोल, बहाने बाजी 24. भैया की पत्नी 25. पांच से छोटी एक विषम संस्था 26. हत्या, कत्ल.

**ऊपर से नीचे**

1. दुनिया, संसार, ठोस रूप में परिवर्तित करना 2. चमक, पानी 3. बाजीगर, जादू का खेल दिखाने वाला 4. एक पंजाबी प्रेमगीत, रांझा की प्रेमिका 5. मार-काट, खून-कत्ल 7. भूमि, जमीन, भू-भाग 9. बहुत बड़ा दानी, 10. संगीत के सुरों की संख्या 14. लचीला, लोचयुक्त 17. खिसकना, अपने स्थान से हटना, विचलित होना 19. प्रवेश करना, पधारना, आना 20. धूप-दीप से पूजा 22. इसी समय 23. गुस्सा, कहर.

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | | 3 | 4 | ■ | ■ |
| | ■ | 5 | | ■ | 6 | | 7 | ■ |
| 8 | 9 | | ■ | 10 | | ■ | 11 | |
| ■ | 12 | | ■ | 13 | | 14 | ■ | ■ |
| ■ | 15 | | | ■ | ■ | 16 | 17 | |
| ■ | 18 | | ■ | 19 | | | | ■ |
| ■ | ■ | ■ | 20 | | ■ | 21 | | ■ |
| ■ | 22 | | | | | | ■ | 23 |
| 24 | | ■ | 25 | | ■ | ■ | 26 | |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 32 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्वा | द | ■ | सा | म | ना | ■ | कै | दी |
| व | ■ | ख | ल | ना | य | क | ■ | वा |
| लं | प | ट | ■ | ना | क | क | ट | ना |
| बी | ■ | प | ■ | ■ | ■ | ड़ी | ■ | प |
| ■ | अ | ट | प | टा | ■ | ■ | शा | न |
| स | ह | ■ | यो | ■ | ■ | र | ति | ■ |
| ह | म | ■ | द | र | ब | द | र | ■ |
| म | क | र | ■ | सी | ल | ■ | ■ | ■ |
| त | ■ | क्षा | ■ | द | वा | खा | ना | ■ |

# कांवड़ मेला सकुशल सम्पन्न होने पर किया मुख्य नगर आयुक्त का अभिनन्दन



नगर संवाददाता

हरिद्वार। कांवड़ मेला सफलतापूर्वक सम्पन्न होने के उपरांत सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने आज भाजपा नेता संजय चोपड़ा के नेतृत्व में मुख्य नगर आयुक्त दयानंद सरस्वती के कार्यालय पर पहुंचकर उन्हे कांवड़ मेले के दौरान सफाई व्यवस्था, पथ प्रकाश इत्यादि नगर निगम की ओर से किए गए कार्यों की प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हे अंग वस्त्र सरूपा ओढ़ाकर रुद्राक्ष की माला देकर व गऊ - बछड़े का स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया। सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने मुख्य नगर आयुक्त दयानंद से मांग की है कि अलकनंदा घाट स्थित ग्रीन विस्ता का नाम बदलकर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की मूर्ति लगाकर बच्चों के खेलने के झूले व सार्वजनिक व्यामशाला (जिम) स्थापित की जाये।

इस अवसर पर मुख्य नगर आयुक्त दयानंद सरस्वती ने कहा धर्मनगरी हरिद्वार के सौंदर्यीकरण के लिए राज्य सरकार के निर्देशन में आवासीय कॉलोनियों के पार्कों का सुंदरीकरण का कार्य नगर निगम की ओर से किए जाने की कार्रवाई प्रचलन में है और आने वाले दिनों में माँ गंगा के घाटों के रखरखाव सफाई व्यवस्था को लेकर नगर निगम की ओर से बड़े कदम उठाने की योजनाएं हैं। उन्होंने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त करते हुए कहा ग्रीन विस्ता के संबंध में जो प्रस्ताव दिया गया है इस पर सहानुभूति से विचार कर अग्रिम कार्रवाई नियम अनुसार की जाएगी। दयानंद ने यह भी कहा कि कावड़ मेला सभी के सहयोग से संपन्न कराया गया है किसी प्रकार से नगर निगम को जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संस्थाओं का सहयोग मिलता रहा तो आगे भी राज्य सरकार की योजनाओं का क्रियान्वन करते रहेंगे।

इस अवसर पर भाजपा नेता संजय चोपड़ा ने कहा इस वर्ष कांवड़ मेला संपन्न कराना सरकार शासन- प्रशासन के लिए चुनौतीपूर्ण था लेकिन हरिद्वार जिला प्रशासन और मुख्य नगर आयुक्त की लग्न शीलता में समर्पण भाव, सुध बुध के चलते कावड़ मेला और कांवड़ मेले के उपरांत शहरी क्षेत्र मेला क्षेत्र इत्यादि क्षेत्रों में साफ सफाई की व्यवस्था युद्ध स्तर पर संचालित की गई यह एक प्रसन्नता का विषय है।

चोपड़ा ने कहा अलकनंदा घाट स्थित ग्रीन विस्ता पूर्व मुख्यमंत्री नारायण दत्त तिवारी द्वारा स्थापित किया गया था लेकिन रखरखाव न होने के कारण उपेक्षित पड़ा है पर्यटन विभाग रुड़की हरिद्वार विकास प्राधिकरण नगर निगम प्रशासन संयुक्त समिति के गठन कर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की मूर्ति का अनावरण कर सार्वजनिक तौर पर पार्क में सार्वजनिक व्यामशाला स्थापित कर प्रधानमंत्री अटल बिहारी उद्यान घोषित किया जाना न्याय पूर्ण होगा। इस अवसर पर सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि यों में लघु व्यापारी नेता मनोज कुमार मंडल, जय सिंह बिष्ट, व्यापारी नेता राजेश खुराना, भाजपा नेत्री पूनम माखन, आशा कश्यप, जीप यूनियन के अरुण अग्रवाल, बैटरी रिक्शा यूनियन के राजेंद्र पाल, चौकीदार संगठन के मानसिंह, श्रमिक कल्याण परिषद के रामस्वरूप रतूड़ी, कुंवर सिंह मंडवाल, चंदन सिंह रावत सहित कई लोग मौजूद रहे।

# बदमाश को जेल ले जाने का वीडियो वायरल, पुलिसकर्मी निलम्बित

हमारे संवाददाता

उधमसिंहनगर। बदमाश का जेल ले जाते हुए उसका वीडियों बनाकर सोशल मीडिया में वायरल करना एक पुलिसकर्मी को भारी पड़ गया। पुलिस कप्तान ने वायरल वीडियों का संज्ञान लेते हुए पुलिसकर्मी को निलम्बित कर दिया है।

जानकारी के अनुसार बीते 13 अगस्त को एक पुलिसकर्मी ने एक बदमाश को काशीपुर कोर्ट से हल्द्वानी जेल ले जाने के दौरान उसके साथ आपत्तिजनक फोटो व वीडियो बनाए, जिसके बाद उन्हें सोशल मीडिया पर भी वायरल कर दिया। जिससे पुलिस विभाग की छवि भी धूमिल हुई।

इस मामले में एसएसपी उधमसिंहनगर डा. मंजूनाथ टीसी द्वारा उक्त वायरल वीडियो का तत्काल संज्ञान लेते हुए पुलिसकर्मी नरेंद्र मेहता को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। एसएसपी ने इस प्रकरण की जांच सीओ काशीपुर को सौंप दी गई है।

# तेजाब की रीमेक में दिख सकती है कार्तिक आर्यन और श्रद्धा कपूर की जोड़ी



लगता है जैसे बॉलीवुड में रीमेक फिल्में बनाने की होड़ लग गई हैं। पिछले साल ही खबर आई थी कि अनिल कपूर की फिल्म तेजाब की रीमेक बनने वाला है। प्रोड्यूसर मुराद खेतानी इस फिल्म को प्रोड्यूस करेंगे। एक रिपोर्ट में बताया गया था कि फिल्म के लिए कार्तिक आर्यन के नाम पर विचार किया गया है। अब सुनने में आ रहा है कि इस फिल्म में कार्तिक के साथ श्रद्धा कपूर नजर आएंगी।

रिपोर्ट के अनुसार, तेजाब की रीमेक में कार्तिक के साथ श्रद्धा नजर आ सकती हैं। एक सूत्र ने बताया कि मेकर्स इस फिल्म के लिए अभिनेत्री के साथ बातचीत में लगे हैं। सूत्र ने कहा, मेकर्स तेजाब की रीमेक के लिए एक विश्वसनीय नाम और एक नई जोड़ी की तलाश में थे। श्रद्धा और कार्तिक ने अब तक एक साथ स्क्रीन स्पेस साझा नहीं किया है और चीजें सही रहीं, तो इस जोड़ी पर मेकर्स दांव लगाना चाहेंगे।

रिपोर्ट की मानें तो श्रद्धा इस फिल्म में काम करने पर विचार कर रही हैं। हालांकि, उन्होंने अभी तक इस प्रोजेक्ट के लिए अपनी हामी नहीं भरी है। दोनों को साथ देखना फैंस के लिए किसी तोहफे से कम नहीं होगा।

इस फिल्म को बनाने के लिए काफी समय पहले कबीर सिंह के प्रोड्यूसर मुराद ने इसके अधिकार खरीद लिए हैं। कहा जा रहा है कि तेजाब की रीमेक की कहानी आधुनिक समय के हिसाब से होगी। कयास लगाए जा रहे हैं कि फिल्म में नई पीढ़ी के कलाकार नजर आएंगे। इस संबंध में कोई जानकारी सामने नहीं आई है कि माधुरी दीक्षित और अनिल फिल्म का हिस्सा होंगे या नहीं। उम्मीद है कि जल्द स्टारकास्ट की घोषणा होगी।

माधुरी ने 1988 में रिलीज हुई फिल्म तेजाब के जरिए बॉक्स ऑफिस पर पहली बार सफलता का स्वाद चखा था। वह फिल्म के गाने एक दो तीन के जरिए प्रशंसकों के दिलों पर छा गई थीं। इस गाने को अलका याग्निक ने गाया था। एन चंद्रा ने फिल्म तेजाब का निर्देशन किया था। इस फिल्म में चंकी पांडे, अनुपम खेर, सुरेश ओबेरॉय और अनू कपूर जैसे कलाकार अहम भूमिकाओं में नजर आए थे।

कार्तिक के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह साजिद नाडियाडवाला की फिल्म लुका छुपी 2 में नजर आएंगे। वह फिल्म शहजादा में भी दिखाई देंगे। हंसल मेहता की फिल्म कैप्टन इंडिया में कार्तिक मुख्य भूमिका निभाएंगे। वह मशहूर निर्माता एकता कपूर की फिल्म फ्रेडी से जुड़े हैं। पंकज पराशर की फिल्म चालबाज इन लंदन में श्रद्धा अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगी। उन्हें अमर कौशिक की स्त्री 2 में भी देखा जाएगा। इसमें राजकुमार राव लीड रोल में हैं।

मुराद के प्रोडक्शन की आखिरी फिल्म भूल भुलैया 2 ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार कमाई की थी। इसमें कार्तिक भी नजर आए थे। उनकी फिल्म एनिमल की शूटिंग खत्म हो चुकी है, जो अगले साल दर्शकों के बीच आएगी।

# मिर्जापुर 3 के लिए कमर तोड़ मेहनत कर रही श्वेता

अमेजन प्राइम की वेब सीरीज मिर्जापुर सीजन 3 का सभी बड़ी ही बेसब्री से प्रतीक्षा कर रहे है। यूं तो मिर्जापुर वेब सीरीज में कालीन भैया, मुन्ना भैया, बबलू पंडित और गुड्डू पंडित जैसे बहुचर्चित किरदार मौजूद थे। लेकिन इन सब के बीच गोलू पंडित यानी श्वेता त्रिपाठी का रोल मिर्जापुर वेब सीरीज की अहम कड़ी साबित हो गया है, खासकार के सीजन 2 में। ऐसे में मिर्जापुर सीजन 3 में अपने किरदार को दमदार बनाने के लिए श्वेता जिम में जीतोड़ मेहनत करती हुई दिखाई दे रही है।

वेब सीरीज मिर्जापुर में गोलू पंडित का किरदार अपने आप में बहुत खास है। मिर्जापुर 2 में हम सबने ये बखूबी देखा कि गुड्डू भैया उर्फ अली फजल के साथ-साथ कंधें से कंधा मिलाकर श्वेता त्रिपाठी ही खड़ी दिखाई दी है। ऐसे में सीजन 3 में भी इनके रोल को देखने के लिए दर्शक बहुत उम्मीदें लगाए हुए बैठे हैं। ऐसे में फैन्स की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए श्वेता त्रिपाठी ने मिर्जापुर 3 के लिए तैयारिया भी शुरू कर चुके है। हाल ही में श्वेता त्रिपाठी ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर एक वीडियो साझा किया है। इस वीडियो में श्वेता त्रिपाठी अपने ट्रेनर के साथ बॉक्सिंग प्रैक्टिस करती हुई नजर आ रही है। वीडियो के बीच में एक टैगलाइन का टैग लगा हुआ है, जिस पर गोलू 3.० लिखा है। जिससे ये साफ जाहिर होता है किस मिर्जापुर 3 में गोलू पंडित का किरदार बहुत अलग और जबरदस्त होने वाला है। श्वेता त्रिपाठी के इस वीडियो को फैन्स बहुत पसंद कर रहे हैं।

# एसएस राजामौली की फिल्म से हिंदी सिनेमा में कदम रखेंगे महेश बाबू

दक्षिण भारतीय सिनेमा में दिग्गज अभिनेता महेश बाबू का सिक्का चलता है। उनकी एक झलक पाने के लिए फैंस बेताब रहते हैं। भले वह साउथ स्टार हैं, लेकिन उनके चाहने वाले पूरे देश में मौजूद हैं। अब एक ऐसी खबर आ रही है, जिसे जानकर उनके प्रशंसकों की खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। खबरों की मानें तो वह महान फिल्ममेकर एसएस राजामौली की फिल्म से हिंदी सिनेमा में कदम रखेंगे।

रिपोर्ट के अनुसार, अभिनेता महेश राजामौली की फिल्म से हिंदी सिनेमा में अपना डेब्यू करने वाले हैं। एक सूत्र ने बताया कि वह भव्य अंदाज में बॉलीवुड की फिल्मों में अपनी शुरुआत करेंगे। इस फिल्म के निर्देशन की कमान राजामौली संभाल सकते हैं। हालांकि, इस संबंध में आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। इतना जरूर है कि इन दोनों की जोड़ी के साथ आने के बाद फैंस का उत्साह अपने चरम पर होगा।

खबरों की मानें तो यही वजह है कि उनकी पिछली फिल्म सरकारु वारी पाटा को हिंदी में डब और रिलीज नहीं किया गया था। यह फिल्म 12 मई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। इस फिल्म को आप अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं। ऐसी चर्चा है कि निर्देशक त्रिविक्रम के साथ उनकी अगली फिल्म एसएसएमबी28 भी हिंदी में रिलीज नहीं होगी। इस फिल्म में उनके साथ पूजा हेगड़े भी नजर आएंगी।

हाल ही में महेश ने कहा था कि वह पैन इंडिया स्टार नहीं बनना चाहते हैं। एक सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने मीडिया को कहा था कि उन्हें लगता है कि बॉलीवुड उन्हें कोई अफोर्ड नहीं कर सकता। उन्होंने यह भी कहा था बॉलीवुड में एंट्री करके वह अपना समय बर्बाद नहीं करना चाहते हैं। लोग उनके बयान को बॉलीवुड के विरोध से जोड़कर देख रहे थे। अब लगता है कि उनका मन बदल गया है।

भारत एने नेनु और महर्षि जैसी फिल्मों ने महेश को स्टारडम का सफर तय कराया है। महेश ने सिनेमा में बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट कदम रखा था। इसके बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। उनकी पहली फिल्म पोरातम 1983 में रिलीज हुई थी। उन्हें 1999 में रिलीज हुई तेलुगु फिल्म राजा कुमारुदु से खास पहचान मिली थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, वर्तमान में महेश राजामौली की एक एडवेंचर थ्रिलर फिल्म पर भी काम कर रहे हैं। हाल में ऐसी खबरें आई थीं कि राजामौली महाभारत पर फिल्म बनाने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने कहा था, महाभारत (महाकाव्य) मेरा एक बड़ा ड्रीम प्रोजेक्ट रहा है, लेकिन मुझे इस प्रोजेक्ट को शुरू करने में काफी समय लगेगा। वह रणबीर कपूर और आलिया भट्ट की फिल्म ब्रह्मास्त्र को दक्षिण भारतीय भाषाओं में पेश करेंगे। वह फिल्म को तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम चार भाषाओं में प्रस्तुत करेंगे। पिछले कुछ समय से राजामौली सफलता की गारंटी बनकर उभरे हैं। उनका यह सफर ब्लॉकबस्टर फिल्म बाहुबली से शुरू हुआ था। बाहुबली फ्रेंचाइजी के बाद उनकी हालिया रिलीज हुई फिल्म आरआरआर ने भी छप्पर फाड़ कमाई की थी।

# खाद्य एवं औषधि विभाग, उत्तराखंड सरकार व एसडीसी फाउंडेशन ने चलाया तीन दिवसीय 'रुको' अभियान

संवाददाता

देहरादून। खाद्य सुरक्षा आयुक्त राधिका झा के निर्देशों पर तीन दिवसीय रुको अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया गया।




आज यहां खाद्य सुरक्षा आयुक्त राधिका झा के निर्देशों पर देहरादून में इस्तेमालशुदा खाद्य तेल से बायो डीजल बनाने के भारत सरकार के महत्वपूर्ण रुको अभियान को लेकर खाद्य एवं औषधि विभाग, उत्तराखंड सरकार और एसडीसी फाउंडेशन ने तीन दिवसीय रुको अभियान चलाया गया। देहरादून मे सीएसआईआर-आईआईपी, खाद्य एवं औषधि विभाग और एसडीसी फाउंडेशन की ओर से चलाया जा रहा रिपरपज्ड यूज्य कुकिंग ऑयल (रुको) अभियान तीन वर्ष पूर्व शुरू किया गया था। कोविड और अन्य कारणों से कुछ समय से बंद रहने के बाद अब फिर से अभियान को तेज कर दिया गया है। पिछले तीन दिनों में इस अभियान के तहत दून में फूड बिजनेस आउटलेट्स मे जागरूकता अभियान किया गया है। इस कार्यक्रम के तहत जिन फूड बिजनेस आउटलेट्स के साथ जागरूकता संवाद किये गए उनमें होटल, रेस्टोरेंट, कैफे, पब और हलवाई आदि भोजन परोसने वाले आउटलेट्स शामिल हैं। इन सभी को इस्तेमालशुदा तेल का बार-बार इस्तेमाल किये जाने से होने वाले नुकसान के बारे में बताया गया। फूड आउटलेट्स के ओनर्स के साथ ही किचन स्टाफ को इस अभियान के तहत यूज्ड कुकिंग ऑयल से होने वाली संभावित बीमारियों और उनके कारणों के बारे में विस्तार से बताया गया। यह भी बताया गया कि इस्तेमालशुदा तेल को कैसे फूड चेन से बाहर किया जा सकता है और किस तरह से रुको अभियान से जुड़कर खराब हो चुके इस तेल से आर्थिक लाभ कमाया जा सकता है।

खाद्य एवं औषधि विभाग के डिप्टी कमिश्नर गणेश कंडवाल ने बताया कि तीन दिन चले इस कार्यक्रम में अच्छा

### ❑यूज्ड कुकिंग ऑयल से बायोडीजल बनाने की सप्लाई चेन पर दिया जोर

रिस्पांस मिल रहा है और फूड बिजनेस आउटलेट्स इसमें रुचि ले रहे हैं। गणेश कंडवाल ने कार्यक्रम के तहत खाद्य तेल का बार-बार इस्तेमाल किये जाने से होने वाली परेशानियों के बारे में बताया। कुकिंग ऑयल को कितनी बार इस्तेमाल किया जा सकता है इस बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी पीसी जोशी ने कहा कि इस कार्यक्रम से ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ने और यूज्य कुकिंग ऑयल को फूड चेन से बाहर करने के लिए प्रयास किये जा रहे हैं। इसमें उम्मीद के मुताबिक सफलता मिल रही है।

एसडीसी फाउंडेशन के अनूप नौटियाल ने कहा कि उनकी संस्था विभिन्न फूड आउटलेट्स से यूज्ड कुकिंग ऑयल की सप्लाई चेन विकसित कर रही है। उन्होंने कहा की दून घाटी के अलावा सरकार के सहयोग से मसूरी, ऋषिकेश, विकासनगर में भी सप्लाई चेन विकसित करने को लेकर प्रयास हो रहे हैं। रुको जागरुकता अभियान के तहत पिछले तीन दिनों में 15 फूड बिजनेस आउटलेट्स के साथ रूको अभियान से जोड़ा गया है। इनमें कालसंग कैफे, द ब्लैक पर्ल, कैफे डी पिकालो, सिंह सूप बार, बारबिक्यू नेशन, जेएसआर कॉन्टिनेंटल, राहुल स्वीट शॉप, चंचल स्वीट शॉप, आंचल स्वीट शॉप, कुमार स्वीट शॉप आदि प्रमुख रूप से शामिल हैं। रुको जागरूकता अभियान मे देहरदून के फूड सेफ्टी अफसर रमेश सिंह और एसडीसी फाउंडेशन से रुको डिवीजन हेड प्रवीण उप्रेती, प्लास्टिक डिवीजन हेड प्यारे लाल, सुनीत वर्मा उपस्थित रहे। अभियान के दौरान 400 लीटर से ज्यादा यूज्ड कुकिंग आयल का कलेक्शन भी किया गया।

# यूकेएसएसएससी पेपर लीक मामलाः एक और दबोचा अभी तक हुई 19 गिरफ्तारियां

संवाददाता

देहरादून। यूकेएसएसएससी पेपर लीक मामले में एसटीएफ ने उत्तरकाशी से एक अन्य को गिरफ्तार कर लिया है। अब तक एसटीएफ ने 19 गिरफ्तारियां कर 83 लाख रूपये बरामद कर लिये हैं।

आज यहां इसकी जानकारी देते हुए स्पेशल टास्क फोर्स के एसएसपी अजय सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2021 में 4 व 5 दिसम्बर को उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा स्नातक स्तरीय परीक्षा का आयोजन किया गया था। जिसमें 160000 अभ्यार्थियों ने परीक्षा दी थी तथा 916 अभ्यर्थी चयनित हुए थे। इस परिक्षा पर कई संगठनों ने गडबडी का आरोप लगाया था जिसके बाद मुख्यमंत्री के आदेश पर मामले में रायपुर थाने में 22 जुलाई 2022 को मुकदमा दर्ज कर जांच एसटीएफ को सौप दी गयी थी। एसटीएफ ने अपनी जांच करते हुए इस मामले में शूरवीर सिंह चौहान, कुलवीर सिंह स्वामी डेल्टा कोचिंग सेन्टर करनपुर, मनोज जोशी पीआडी पूर्व कर्मचारी यूकेएसएसएससी रायपुर, गौरव नेगी, जयजीत दास प्रोग्रामर, प्रिटिंग प्रेस लखनऊ, मनोश जोशी कनिष्ठ सहायक सितारगंज न्यायालय, अभिषेक वर्मा कर्मचारी प्रिन्टिंग प्रेस लखनऊ, दीपक चौहान मेडिकल यूनिवर्सिटी हेमवती नंदन बहुगुणा सेलाकुई में संविद कर्मी, भावेश जगुडी मेडिकल यूनिवर्सिटी सेलाकुई संविद कर्मी, दीपक शर्मा, अमरीश कुमार उत्तराखण्ड पुलिस आरक्षी ऊधमसिंह नगर, महेन्द्र चौहान कनिष्ठ सहायक नैनीताल न्यायालय, हिमांशु काण्डपाल कनिष्ठ सहायक रामनगर न्यायालय, तुषार चौहान व गौरव चौहान अपर निजी सचिव सचिवाल तनुज शर्मा व क्षेत्र पंचायत सदस्य हाकम सिंह को अभी तक गिरफ्तार कर लिया गया था। जांच के दौरान अहम सबूतों के आधार पर एवं पूर्व गिरफ्तार हाकम सिंह के कहने पर कुछ छात्रों को विभिन्न स्थानों से लेकर पूर्व गिरफ्तार टीचर तनुज शर्मा के घर ले जाने की पुष्टि हुई है। जांच के दौरान अंकित रमोला की तलाश में एसटीएफ टीम रवाना हुई। उत्तरकाशी नौगांव से अंकित रमोला को पूछताछ हेतु एसटीएफ कार्यालय लाया गया था, जहां पर पूछताछ करने के बाद साक्ष्य की पुष्टि होने पर अंकित रमोला पुत्र दीपक सिंह रमोला निवासी सुनहरा पोस्ट ऑफिस नौगांव तहसील बडकोट जिला उत्तरकाशी को उक्त मुकदमें में गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि अंकित रमोला को मिलाकर एसटीएफ ने इस मामले में अभी तक 19 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।




## सू- दोकू क्र.33

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 6 | | 8 | | 3 | |
| 9 | | 8 | | 3 | | 4 | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | 6 | |
| | 8 | | 4 | | | 1 | | 3 |
| | | | | 9 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | 1 | |
| | 5 | | | 1 | | 6 | | 2 |
| | | 1 | 7 | | | | 4 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.32 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 9 | 7 | 5 |
| 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 5 | | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 1 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |

# नाव से एके-47, राइफलें, कारतूस व अन्य विस्फोटक बरामद

मुंबई। महाराष्ट्र के रायगढ़ में एक नाव से एके-47, राइफलें व कुछ कारतूस व अन्य विस्फोटक बरामद हुए हैं। जिसके बाद से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है। रायगढ़ के एसपी अशोक धुधे ने हरिहरेश्वर तट पर मिली नाव में घातक हथियारों की पुष्टि की है। बताया जा रहा है कि यह नाव ऑस्ट्रेलियन है। हालांकि इस विषय में समाचार लिखे जाने तक मीडिया को अधिक जानकारी नहीं दी गई है। जल्द ही पुलिस पूरे मामले का खुलासा कर सकती है। फिलहाल मौके पर एटीएस जांच कर रही है। ज्ञात रहे कि आज से 13 साल पहले 26 नवंबर 2008 को मुंबई में लश्कर के 10 आतंकी इसी तरह समुद्री रास्ते से भारत में दाखिल हुए थे। समुद्र तट पर नाव छोड़ने के बाद मुंबई में आतंकियों ने खून की होली खेली थी। दो होटलों, रेलवे स्टेशन और एक अस्पताल में आतंकियों ने जमकर कहर ढ़ाया था। कुछ इसी तरह की साजिश भी महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले के हरिहरेश्वर तट पर फिर देखने को मिली है। यहां समुद्र में दो संदिग्ध नाव मिली है। नाव में में । एके-47, राइफलें और कुछ कारतूस मिले हैं। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे इलाके में नाकाबंदी कर गई है। रायगढ़ जिले को हाईअलर्ट पर रखा गया है।

# सरकार ने 8 यू-ट्यूब चैनलों पर लगाया बैन

नई दिल्ली। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने गुरुवार को 8 यू-ट्यूब चौनलों पर प्रतिबंध लगा दिया है जिनमें सात भारतीय और एक पाकिस्तान के हैं। इन पर भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा, विदेशी मामलों और सार्वजनिक व्यवस्था को लेकर गलत सूचनाएं फैलाने का आरोप है।

मंत्रालय के अनुसार इन आठ चौनलों को देखने वालों की संख्या 114 करोड़ है और इनके 87 लाख सब्सक्राइबर्स हैं। बयान में मंत्रालय ने कहा, 'इन यू-ट्यूब चौनलों की सामग्री का ध्येय भारत के विभिन्न धार्मिक समुदायों के बीच घृणा फैलाना है। कई वीडियो में गलत दावे किए गए हैं' बयान के अनुसार, 'उदाहरण के तौर पर इस तरह की फर्जी खबरें शामिल हैं जिनमें कहा गया है कि भारत सरकार ने धार्मिक संरचनाओं को ढहाने का आदेश दिया है। वहीं धार्मिक त्योहारों पर प्रतिबंध लगाया है, भारत में धार्मिक युद्ध की घोषणा की है। इस तरह की सामग्री देश के सार्वजनिक व्यवस्था को खराब कर सकता है।

## हजारों की नगदी व मोबाइल चोरी

संवाददाता

देहरादून। चोरों ने मकान का ताला तोडकर वहां से हजारों की नगदी व दो मोबाइल फोन चोरी कर लिये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आजाद कालोनी माजरा निवासी रईस अहमद ने पटेलनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह परिवार के साथ बाहर गया था। आज जब वह वापस आया तो उसने देखा कि उसके मकान का ताला टूटा हुआ था तथा अन्दर सारा सामान बिखरा हुआ था। चोर उसके घर से 25 हजार रूपये नगद व दो मोबाइल चोरी करके ले गये हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## छह लोगों पर गैंगेस्टर

देहरादून (सं)। पुलिस ने छह लोगों को गैंगेस्टर एक्ट में निरूद्ध किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार डोईवाला कोतवाली प्रभारी राजेश शाह ने मंगलौर निवासी अरशद काजमी, भगवान पुर निवासी वसीम, मौहल्लाा खुमरान पठान चौक मंगलौर निवासी अमजद, मंगलौर निवासी शौकिन, सावेज व मौशम को सुंसगठित गिरोह बनाकर समाज विरोधी क्रिया कलापों में लिप्त होकर तथा आम जनता में भय व आतंक उत्पन्न करना व भौतिकव आर्थिक लाभ प्राप्त करने के आरोप में गैंगेस्टर एक्ट में निरूद्ध किया गया।

## धामी ने मुख्यमंत्री आवास में स्व. इंद्रमणि बडोनी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर दी श्रद्धांजलि



देहरादून (सं)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्व. इंद्रमणि बडोनी की पुण्य तिथि पर मुख्यमंत्री आवास में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वर्गीय इंद्रमणि बडोनी की उत्तराखण्ड राज्य निर्माण आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका रही। पर्वतीय विकास की संकल्पना और उत्तराखण्ड राज्य निर्माण में उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है।

## गोलीकांड में फरार चल रहा 10 हजार का इनामी गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। खन्नानगर में हुए गोलीकांड और बवाल में साथियों सहित फरार चल रहे 10 हजार के ईनामी को पुलिस व एसओजी ने गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार 6 अगस्त को दीपक टण्डन पुत्र सतीश टण्डन निवासी खन्नानगर ज्वालापुर द्वारा कोतवाली ज्वालापुर में तहरीर देकर बताया गया था कि विष्णु अरोड़ा व उसके साथियों द्वारा उनके घर में घुसर उन पर जान से मारने की नियत से फायर झौंका गया था। मामले में पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। मामले में पुलिस ने कार्यवाही करते हुए अगले ही दिन मुकदमें में पंजीकृत आरोपियों में से कृष्णा अरोड़ा, सौरव वैद्य को तथा 11 अगस्त को उधम सैनी व विपिन रावत को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। अन्य नामजद आरोपियों में से विष्णु अरोड़ा, नोनी पावेल कुन्नू पहाड़ी, लक्की भदोरिया तथा अन्य लोग फरार चल रहे थे। बीते पांच दिन पहले वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा योगेंद्र सिंह रावत ने विष्णु अरोड़ा, लक्की भदोरिया, कुन्नू पहाड़ी और नोनी पेवल की गिरफ्तारी पर 10-10 हजार का इनाम घोषित किया था। इसके बावजूद हाथ नहीं आने पर पुलिस ने दो दिन पहले ही इन पांचों इनामी आरोपियों के गैर जमानती वारंट भी कोर्ट से हासिल कर लिए थे। इतना ही नहीं चल रही कुर्की की प्रक्रिया भी शुरू होने वाली थी। इस बीच पुलिस को बीते रोज सूचना मिली कि विष्णु अरोड़ा अंबाला में छिपा हुआ है। सूचना पर ज्वालापुर कोतवाली की पुलिस और हरिद्वार एसओजी की एक टीम ने हरियाणा पुलिस की मदद से छापा मारते हुए विष्णु अरोड़ा को गिरफ्तार कर लिया है। जिससे पूछताछ के बाद न्यायालय में पेश कर दिया है।



## मारपीट करने पर तीन भाईयों पर मुकदमा

देहरादून (सं)। घर में घुसकर मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने तीन सगे भाईयों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार हाथीबडकला निवासी महिला ने डालनवाला कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उनके पडोस में रहने वाले हुक्म सिंह के पुत्र समर्थ, अपार सिंह व आदित्य सिंह उनके घर में घुस आये और उनके साथ गाली गलौच करने लगे। उसने जब उनका विरोध किया तो तीनों भाई ने उसके तथा उसके माता पिता व पत्नी के साथ मारपीट कर उनको घायल कर दिया। शोर सुनकर जब आसपास के लोग वहां पर एकत्रित हुए और उन्होंने बीच बचाव कराया तो हमलावर उनको जान से मारने की धमकी देकर भाग गये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# गंगोत्री नेशनल हाइवे यातायात के लिए खुला

## ❑यमुनोत्री नेशनल हाइवे पर भारी बोल्डर आने से सड़क मार्ग अवरुद्ध

कार्यालय संवाददाता

उत्तरकाशी। बीते दिन यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग धरासू बैंड के समीप पहाड़ी से भारी भूस्खलन के कारण सड़क मार्ग बंद हुआ था। जिस कारण यमुनोत्री नेशनल हाइवे से लगा हुआ गंगोत्री नेशनल हाइवे भी बंद हो गया। गंगोत्री नेशनल हाइवे को यातायात के लिए सुचारू कर दिया गया गया। लेकिन यमुनोत्री नेशनल हाइवे पर भारी बोल्डर और मलबा होने के कारण सड़क मार्ग अवरुद्ध है।

गुरुवार को एडीएम तीर्थपाल सिंह ने भूस्खलन क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण कर जायजा लिया। तथा कार्यदायी संस्थाओं को तेजी के साथ मलबा हटाने के निर्देश दिये। एडीएम ने कहा कि यमुनोत्री नेशनल हाइवे से मलबा हटाने के दौरान सुरक्षा के दृष्टिगत गंगोत्री नेशनल हाइवे से गुजरने वाले ट्रैफिक को दो-दो घण्टे के लिए रोका जाएगा। इस हेतु वाहनों को होटल,ढाबों के नजदीक डुंडा,चिन्यालीसौड़ में रोका जाएगा। एडीएम ने यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के निर्देश पुलिस को दिए।




जिला प्रशासन ने सुरक्षा की दृष्टि से चौबीसों घण्टे भूस्खलन क्षेत्र में वाचर्स तैनात करने के निर्देश दिए हैं।

साथ ही मलबा हटाने के दौरान गंगोत्री नेशनल हाइवे को निम्न समय सारणी के अनुसार बंद एवं यातायात के लिए सुचारू रहेगा।

आज अपराह्न 01.00 से 3.00 बजे तक मार्ग अवरूद्ध रहेगा। सांय 3.00 से 4.00 तक मार्ग यातयात हेतु सुचारू रहेगा। 4.00 से 6.00 बजे तक मार्ग अवरूद्ध रहेगा 6.00 से 7.00 तक मार्ग यातयात हेतु सुचारू रहेगा। 7.00 से 9. 00 बजे तक मार्ग अवरूद्ध रहेगा। 9.00 से 10.00 तक मार्ग यातयात हेतु सुचारू रहेगा। रात्रि 10 बजे से प्रातः 05 बजे तक मार्ग बंद रहेगा।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम मीनाक्षी पटवाल,सीओ अनुज कुमार, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी देवेंद्र पटवाल, समन्वयक जय पंवार एवं एनएच एवं बीआरओ के अधिकारी उपस्थित रहे।

## स्कूटी चोरी

संवाददाता

देहरादून। चोरों ने खुले स्थान से स्कूटी चोरी कर ली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थापा मार्ग सेलाकुई निवासी मदन लामा ने सेलाकुई थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह किसी काम से बाजार आया था। उसने अपनी स्कूटी दुकान के बाहर खडी की थी लेकिन जब वह थोडी देर बाद वापस आया तो उसने देखा कि उसकी स्कूटी अपने स्थान से गायब थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## चरस के साथ तीन गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने चरस के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनको न्यायालय में पेश किया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सहसपुर थाना पुलिस ने आसन पुल फतेहपुर के पास एक व्यक्ति को संदिग्ध अवस्था में घुमते हुए देखा तो उसको रूकने का इशारा किया तो वह भाग खडा हुआ। पुलिस ने उसका पीछा कर उसको थोडी दूरी पर दबोच लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके कब्जे से 235 ग्राम चरस बरामद कर ली। पूछताछ में उसने अपना नाम अमजद खान पुत्र गुलजार निवासी रेडापुर सहसपुर बताया। वहीं कोतवाली पुलिस ने तीन सौ ग्राम चरस के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उन्होंने अपने नामा मदन पुत्र मछरिया निवासी मद्रासी कालोनी व कन्हैया पुत्र गन्नौर साहनी निवासी मलिन बस्ती बिन्दाल बताया। पुलिस ने तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनको न्यायालय में पेश किया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# दून डिफेंस इंटरनेशनल स्कूल में धूमधाम से मनाई गयी श्री कृष्ण जन्माष्टमी

नगर संवाददाता

देहरादून। दून डिफेंस इंटरनेशनल स्कूल में बड़ी धूमधाम से श्री कृष्ण जन्माष्टमी मना कर नन्हे-मुन्नों द्वारा समाज में एक सुंदर संदेश दिया कि हमारी संस्कृति को नई पीढ़ी कैसे जीवित रख सकती है।

कार्यक्रम का आरंभ विद्यालय के संस्थापक जे पी नौटियाल एवं प्रधानाचार्य अनीता शर्मा ने दीप प्रज्वलित एवं श्री कृष्ण की आरती से किया। नर्सरी, प्लेग्रुप व केजी के नन्हे छात्रों ने 'छोटी छोटी गईया एवं राधा ढूंढ रही' नृत्य के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आगाज किया गया। तत्पश्चात कक्षा एक, दो और तीन के छात्रों ने 'श्री कृष्ण गोविंद हरे मुरारी' भजन गाकर सुंदर प्रस्तुति दी। 'श्यामा



आन बसो वृंदावन में' गीत की मनमोहक प्रस्तुति कक्षा 4 व 5 के छात्रों द्वारा दी गई। कक्षा 6 ,7 , 8 के छात्रों ने भी 'तुम प्रेम हो एवं वह कृष्णा है' पर मनमोहक नृत्य से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया।

अंत में छात्रों ने कृष्ण-जन्म की एक हैरतअंगेज करने वाली नाटिका प्रस्तुत कर तालियां बटोरी। अन्य में प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी छात्र छात्राएं एवं अध्यापक उपस्थित रहे।



## एक नजर

# मुख्तार अंसारी के 11 ठिकानों पर ईडी ने की छापेमारी

लखनऊ। बाहुबली नेता मुख्तार अंसारी के ठिकानों पर ईडी की छापेमारी जारी है। बताया जा रहा है कि मुख्तार अंसारी के दिल्ली और उत्तर प्रदेश के करीब 11 ठिकानों पर यह कार्रवाई की जा रही है। ईडी द्वारा यह छापेमारी मुख्तार अंसारी के सहयोगी और उसके सीए के यहां की जा रही है। जानकारी के अनुसार, लखनऊ से ईडी की एक टीम मुख्तार अंसारी के मुहम्मदाबाद वाले घर पर भी पहुंची है। आपको बता दें कि जहां-जहां छापेमारी हो रही है, वहां भारी संख्या में पुलिस की तैनाती की गई है। लखनऊ से ईडी की एक टीम ने टाउन हॉल में खान बस सर्विस के मालिक के यहां भी रेड मारा है। यही नहीं सोना का व्यापार करने वाले व्यापारी विक्रम अग्रहरि के यहां भी छापेमारी हुई है। ईडी ने प्रोपर्टी डीलर गणेश दत्त मिश्रा के यहां पर भी रेड मारा है। बताया जा रहा है कि जन लोगों पर यह छापेमारी की गई है, वे सब बाहुबली नेता मुख्तार अंसारी के करीबी है। इन सभी के यहां ईडी भारी पुलिस के साथ पहुंची है और छापेमारी जारी है।





# रेप केस मामले में सुप्रीम कोर्ट पहुंचे शाहनवाज हुसैन

नई दिल्ली। भाजपा नेता शाहनवाज हुसैन के खिलाफ बलात्कार के मामले में दिल्ली हाईकोर्ट ने शाहनवाज के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया। इसके बाद शाहनवाज हुसैन ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। गुरुवार को दिल्ली उच्च न्यायालय ने शाहनवाज हुसैन के खिलाफ बलात्कार के एक मामले में प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया। हाईकोर्ट के आदेश के कुछ ही घंटों बाद, भाजपा नेता सुप्रीम कोर्ट पहुंच गए। शाहनवाज की अपील पर भारत के मुख्य न्यायाधीश एनवी रमना ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट अगले सप्ताह मामले की सुनवाई करेगा। खबर के मुताबिक दिल्ली उच्च न्यायालय ने शाहनवाज हुसैन के खिलाफ साल 2018 के बलात्कार के मामले में प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया। हाईकोर्ट के आदेश के तुरंत बाद, भाजपा नेता ने उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देते हुए सर्वोच्च न्यायालय का रुख किया। सुप्रीम कोर्ट ने मामले को तत्काल सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया।



# फेरिस व्हील में सेक्स करते हुए पकड़े गए कपल!

फ्लोरिडा । रविवार रात ओहियो फेरिस व्हील में कथित तौर पर सेक्स करते हुए पकड़े जाने के बाद एक जोड़े पर सार्वजनिक अभद्रता का आरोप लगाया गया है। कपल, डेविड डेविस और हीथर जॉनस्टन , दोनों 32, ने कथित तौर पर अंधेरे के बाद देवदार प्वाइंट मनोरंजन पार्क के अंदर जायंट व्हील की कुर्सी के अंदर सेक्स किया और नाबालिगों सहित साथी सवारों ने उन्हें सेक्स करते हुए देखा । प्रत्यक्षदर्शियों ने जांचकर्ताओं को बताया कि फ्लोरिडा के डेविस और ओहायो (ीपव) के जॉनस्टन ने उन दर्शकों की हंसी उड़ाई, जो देखकर हैरान रह गए थे, उनके कथित यौन कृत्य को सीधे तौर पर देखा जा सकता था। दो महिलाओं और दो लड़कियों जो 18 साल से कम उम्र के जो उपद्रवी जोड़ी के पीछे फेरिस व्हील चेयर पर थीं, ने कहा कि उन्होंने सब कुछ देखा और पुलिस को एक्स-रेटेड सवारी की सूचना दी। डब्ल्यूकेवाइसी की रिपोर्ट के अनुसार, कपल ने शुरू में झूले में सेक्स करने से इनकार किया था, और दावा किया कि जॉनसन सिगरेट का पैकेट उठाने के लिए झुके थे। बाद में उन्हें जब दो नाबालिग दर्शकों के बारे में पता चला तो उन्होंने इस बात को कबूल कर ली और उनके खिलाफ एरी काउंटी जेल में सार्वजनिक अभद्रता का मामला दर्ज किया गया।



# मुख्यमंत्री धामी ने किया उत्तराखण्ड राज्य सीनियर बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारम्भ




हमारे संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बहुउद्देशीय क्रीडा भवन, परेड ग्राउंड, देहरादून में उत्तरांचल राज्य बैडमिंटन एसोसिएशन द्वारा आयोजित 'उत्तराखण्ड राज्य सीनियर बैडमिंटन प्रतियोगिता' का शुभारंभ किया। यह प्रतियोगिता 21 अगस्त 2022 तक चलेगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने स्वयं बैडमिंटन खेल खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मौजूद सभी खिलाड़ियों को उनके भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि बच्चे खेल की विभिन्न विधाओं में सराहनीय प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदेश के खिलाड़ी आज विश्व पटल पर राज्य एवं देश का नाम रोशन कर रहे हैं। हमारे खिलाड़ियों ने अपने संकल्प, इच्छा शक्ति और परिश्रम के आधार पर अच्छा मुकाम हासिल किया है। खिलाड़ी अपने संघर्ष एवं मेहनत के बलबूते पर अपने सपनों को पूरा करते हैं। खिलाड़ी की सफलता से क्षेत्रवासियों, राज्यवासियों एवं देश की भावनाएं जुड़ती हैं, हजारों लोगों का आशीर्वाद उनके साथ होता है, एक खिलाड़ी की सफलता से अन्य खिलाड़ी भी प्रोत्साहित होते हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्साह और उमंग से मनुष्य में ऊर्जा का संचार होता है, संकल्प एवं दृढ़ इच्छाशक्ति ही हमें हमारी सफलता की ओर ले जाती हैं। उन्होंने कहा आज हर क्षेत्र में भारत लीडर के रूप में आगे बढ़ रहा है। नए भारत का निर्माण हो रहा है। हम अमृत काल में प्रवेश कर गए हैं। इस अमृत काल में भारत एवं राज्य प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़े इसके लिए हम सभी ने अपनी जिम्मेदारियों को समझते हुए राष्ट्र के प्रति योगदान देना है। खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य में नई खेल नीति बनाई गई है। खिलाड़ियों की सुविधा अनुसार एवं उनके हितों को ध्यान में रखते हुए समय-समय पर खेल नीति में और सुधार किये जायेंगे। नई खेल नीति में कई प्रावधान किए गए हैं, जिससे हमारे नौजवान खेल के क्षेत्र में नई बुलंदियां हासिल करें।

इस दौरान यू.एस.बी.ए अध्यक्ष अलकनंदा अशोक, सचिव बी.एस मनकोटी, डी.के सेन, हरीश जोशी, राकेश डोभाल, चेतन गुरूंग उपस्थित रहे।

# चालक-परिचालक को बंधक बनाकर बदमाशों ने लूटा ट्रक



हमारे संवाददाता

उधमसिंहनगर। ट्रक चालक व परिचालक को बंधक बनाकर हथियारबंद बदमाशों ने उनका अपहरण कर लिया। जिन्हे रास्ते में फेंक कर बदमाश ट्रक लूट ले गये। सूचना मिलने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी। चालक व परिचालक पिता पुत्र बताये जा रहे है।जानकारी के अनुसार बीती रात रूद्रपुर कोतवाली के काशीपुर हाइवे पर बने एक पेट्रोल पंप के सामने खड़े हरियाणा के एक ट्रक पर हथियारबंद बदमाश चढ़ गये जिन्होने ट्रक मे मौजूद चालक परिचालक जो कि पिता पुत्र बताये जा रहे है उन्हे बंधक बना लिया। साथ ही उनका अपहरण कर उन्हे बाजपुर दोराहे पर फेंक दिया। जिसके बाद बदमाश उनका ट्रक लूट कर फरार हो गये। चालक परिचालक द्वारा मामले की जानकारी बाजपुर पुलिस को दी गयी तो पुलिस दोनों को लेकर रूद्रपुर कोतवाली पहुंची जहां रूद्रपुर कोतवाली पुलिस ने उनसे पूछताछ कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी गयी। रूद्रपुर कोतवाली पुलिस के अनुसार ट्रक में मौजूद चालक परिचालक पिता पुत्र है। जब वह देर रात ट्रक में आराम कर रहे थे तो हथियारबंद बदमाश उनके ट्रक पर चढ़े और उनको बंधक बनाकर उनका ट्रक लूट लिया गया। बहरहाल पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।

# मेडिकल कालेजों में फैकल्टी की कमी दूर होगीः रावत



संवाददाता

देहरादून। स्वास्थ्य मंत्री डा. धनसिंह रावत ने कहा कि राजकीय मेडिकल कालेजों में भर्ती प्रक्रिया अंतिम चरण पर है जिससे फैकल्टी की कमी दूर की जायेगी।

आज यहा स्वास्थ्य मंत्री डा धन सिंह रावत ने कहा कि राजकीय मेडिकल कॉलेजों को जल्द फैकल्टी की कमी दूर होगी। चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड में 339 स्थाई असिस्टेंट प्रोफेसर की भर्ती प्रक्रिया अंतिम चरण में है। वहीं 2600 स्टाफ नर्स की भर्ती भी जल्द शुरू होगी। कैबिनेट ने वरिष्ठता के आधार पर नर्सों की भर्ती का निर्णय लिया था,जिसका जल्द शासनादेश होगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कैथ लैब का कार्य जल्द पूरा किया जाए ताकि राज्य स्थापना दिवस पर इसकी शुरुआत की जाए। उन्होंने कहा की राज्य में संस्थागत प्रसव की स्थिति में सुधार हुआ है। 2015-16 में यह 68.6 प्रतिशत थी,जो 2019-21 में 83.2 प्रतिशत हो गई। इसे 100 प्रतिशत करने का प्रयास है। आयुष्मान योजना के तहत कोई भी मरीज भर्ती होता है तो डिस्चार्ज होने पर बिल संबंधी जानकारी उन्हें दी जाएगी। बिल पर मरीज के हस्ताक्षर लिए जाएंगे। इसके बाद ही बिल क्लियर होग कहा कि हर मेडिकल कॉलेज में लाइफ स्टाइल का अलग डिपार्टमेंट होगा। वही इससे जुड़ा सर्टिफिकेट कोर्स भी जल्द शुरू किया जाएगा। जितने भी सड़क दुर्घटना के मामले आएंगे उनका उपचार मुफ्त होगा।

### पानी की मोटर चोरी

संवाददाता

देहरादून। चोरों ने कॉम्पलैक्स से पानी की मोटर चोरी कर ली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार चकराता रोड निवासी मनीष गुप्ता ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि चोरों ने उसके कॉम्पलेक्स से पानी की मोटर चोरी कर ली है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

आर.एन.आई.- 59626/94

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

कानूनी सलाहकारः
वी के अरोड़ा, एडवोकेट
बैजनाथ, एडवोकेट

कार्यालयः दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।
मो. 9358134808

*नोटः सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*